# 19वाँ NAM शिखर सम्मेलन और भारत-युगांडा संबंध

## प्रलिम्सि के लयि:

[गुटनरिपेक्ष आंदोलन](), NAM का 19वाँ शखिर सम्मेलन, [दोहरा कराधान अपवंचन समझौता]()

## मेन्स के लयि:

भारत-युगांडा संबंध, गुटनरिपेक्ष आंदोलन (NAM), NAM के साथ चुनौतयिाँ

[स्रोत: द हिंदू]()

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **कंपाला में** [गुटनरिपेक्ष आंदोलन]() **(Non Aligned Movement-NAM)** के **19वें शखिर सम्मेलन की मेज़बानी** करने वाले युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने 1970 के दशक में **ईदी अमीन द्वारा भारतीयों के नष्किासन पर खेद व्यक्त** कयिा।

- मैंने युगांडा में भारतीय प्रवासयिों की उपलब्धयिों की प्रशंसा की है और वैश्वकि दक्षणि में भारत की भूमकिा की सराहना की है।

## गुटनरिपेक्ष आंदोलन के 19वें शखिर सम्मेलन की मुख्य वशिषताएँ क्या हैं?

- **NAM** का 19वाँ शखिर सम्मेलन **"साझा वैश्वकि समृद्धि के लयि सहयोग को गहरा करना"** वषिय पर कंपाला, युगांडा में आयोजति कयिा गया था।
  - **अज़रबैजान के बाद युगांडा ने वर्ष 2027 तक के लयि इसकी अध्यक्षता ग्रहण की है।**
- शखिर सम्मेलन ने **कंपाला घोषणा को अपनाया, जसिमें इज़रायली सैन्य आक्रामकता** की नदिा की गई और घरि [गाज़ा पट्टी]() में मानवीय सहायता की अनुमति देने के लयि [संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परषिद]() के प्रस्ताव को लागू करने का आह्वान कयिा गया।
- भारत के वदिश मंत्री ने 19वें NAMशखिर सम्मेलन में भारतीय प्रतनिधिमिंडल का नेतृत्व कयिा, जसिमें **गाजा संकट के स्थायी समाधान का मार्ग प्रशस्त कयिा गया**। उन्होंने **मानवीय संकट में तत्काल राहत की आवश्यकता पर बल दयिा** और पश्चमि एशयिाई क्षेत्र में संघर्ष के प्रसार को रोकने का आग्रह कयिा।
- **NAM की स्थापना वर्ष 1961 में नव स्वतंत्र देशों के पाँच नेताओं–** यूगोस्लावयिा के जोसपि ब्रोज़ टीटो, मस्रि के गमाल अब्देल नासरि, **भारत के जवाहरलाल नेहरू,** इंडोनेशयिा के सुकर्णो और घाना के क्वामे नक्रुमाह- की पहल के माध्यम से बेलग्रेड, यूगोस्लावयिा में की गई थी।
  - इसका गठन [शीत युद्ध]() के दौरान **उन राज्यों के एक संगठन के रूप में कयिा गया** था जो औपचारकि रूप से खुद को संयुक्त राज्य अमेरकिा या सोवयित संघ के साथ जोड़ना नहीं चाहते थे बल्कि स्वतंत्र या तटस्थ रहना चाहते थे।
  - वर्तमान में **आंदोलन में 120 सदस्य देश, 17 पर्यवेक्षक देश और 10 पर्यवेक्षक** संगठन हैं।
  - **NAM के पास कोई स्थायी सचविालय या औपचारकि संस्थापक चार्टर,** अधनियिम या संधि नहीं है।
  - यह **शखिर सम्मेलन आमतौर पर हर तीन साल में** होता है।

## ईदी अमीन के शासनकाल में युगांडा में भारतीयों का क्या हुआ?

- अगस्त 1972 में, **युगांडा के तानाशाह ईदी अमीन** ने युगांडा में रहने और काम करने वाले भारतीयों तथा अन्य एशयिाई लोगों को नष्किासति करने का आदेश दयिा।
  - लगभग 80,000 भारतीयों को अपनी संपत्ति और व्यवसाय छोड़कर, 90 दनिों के भीतर देश छोड़ने के लयि मजबूर होना पड़ा।
- इस नष्किासन का **युगांडा की अर्थव्यवस्था पर वनिाशकारी प्रभाव पड़ा**, जसिे कुशल श्रमकिों, उद्यमयिों और नविेशकों की हानि का सामना करना पड़ा।

## भारत-युगांडा संबंध कैसे रहे हैं?

- **राजनीतिक संबंध:**
  - भारत और युगांडा के बीच एक शताब्दी से अधिक पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। भारतीय पहली बार 20वीं सदी की शुरुआत में युगांडा आए थे।
    - **भारत के स्वतंत्रता संग्राम ने युगांडा के शुरुआती कार्यकर्त्ताओं को उपनिवेशवाद** से लड़ने के लिये प्रेरित किया और अंततः **युगांडा ने वर्ष 1962 में स्वतंत्रता** हासिल की।
  - **भारत ने वर्ष 1965 में युगांडा में अपनी राजनयिक उपस्थिति** स्थापित की। 1970 के दशक की शुरुआत में राष्ट्रपति अमीन के शासनकाल के दौरान, **लगभग 60,000 भारतीयों/पीआईओ को निष्कासित कर दिया** गया था। हालाँकि, वर्ष 1979 में अमीन को सत्ता से बेदखल करने के बाद, **युगांडा की सफल सरकारों ने निष्कासित भारतीयों को वापस लौटने और अपनी संपत्तियों तथा नागरिकता को पुनः प्राप्त** करने के लिये आमंत्रित किया।
- **भारतीय प्रवासी:**
  - भारतीय समुदाय युगांडा के साथ सबसे मज़बूत और सबसे टिकाऊ आर्थिक तथा सांस्कृतिक संबंध प्रस्तुत करता है।
  - बैंक ऑफ युगांडा और युगांडा राजस्व प्राधिकरण के आँकड़ों के अनुसार,**भारतीय नागरिक/पीआईओ, जो युगांडा की आबादी का 0.1% से कम हैं, युगांडा के प्रत्यक्ष करों में लगभग 70% का योगदान करते** हैं।
  - **'इंडिया डे', एक वार्षिक समारोह है**, जो भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित करता है और हज़ारों आगंतुकों को आकर्षित करता है। यह आयोजन भारतीय और युगांडा समुदायों को एक साथ लाने का काम करता है।
- **रक्षा:**
  - भारत युगांडा के रक्षा कर्मियों के लिये प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करता है।
- **वाणिज्यिक संबंध:**
  - युगांडा अल्प विकसित देशों (Least Developed Countries- LDC) के लिये **भारत की** शुल्क मुक्त प्रशुल्क वरीयता (Duty Free Tariff Preference- DFTP) **योजना** का लाभार्थी रहा है।
    - **युगांडा को भारतीय निर्यात** की प्रमुख वस्तुओं में भेषजीय उत्पाद, वाहन, प्लास्टिक, कागज़ व पेपरबोर्ड, कार्बनिक रसायन इत्यादि शामिल हैं।
    - **युगांडा से भारत में आयात** की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में सब्ज़ियाँ तथा कुछ जड़ें व कंद, कॉफी, चाय, मेट एवं मसाले और कोको व कोको उत्पादन हेतु विधि शामिल हैं।
    - भारत तथा युगांडा के बीच दोहरा कराधान परिहार समझौता (Double Taxation Avoidance Agreement) वर्ष 2004 से प्रभावी है।
      - DTAA दो अथवा दो से अधिक देशों के बीच हस्ताक्षरित एक कर संधि है। इसका मुख्य उद्देश्य **संबद्ध देशों में करदाता की एक ही आय पर दो बार कर लगाने से बचाना** है।
        - DTAA उन मामलों में कार्यान्वित होता है जहाँ करदाता एक देश में निवास करता है तथा दूसरे देश में आय अर्जित करता है।
- **छात्रवृत्तियाँ और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम:**
  - भारत सरकार युगांडावासियों को सरकारी तथा निजी क्षेत्र से छात्रवृत्ति एवं फेलोशिप प्रदान करती है ताकि वे भारत में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा अनुसंधान पाठ्यक्रम करने में सक्षम हो सकें।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### [illegible]:

**प्रश्न. भारत के निम्नलिखित राष्ट्रपतियों में से कौन कुछ समय के लिये गुटनिरपेक्ष आंदोलन के महासचिव भी थे? (2009)**

(a) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(b) वराहगिरी वेंकटगिरी
(c) ज्ञानी जैल सिंह
(d) डॉ. शंकर दयाल शर्मा

**उत्तर: (c)**

---

### [illegible]:

**प्रश्न. 'उभरती हुई वैश्विक व्यवस्था में भारत द्वारा प्राप्त नव-भूमिका के कारण उत्पीड़ित एवं उपेक्षित राष्ट्रों के मुखिया के रूप में दीर्घकाल से संपोषित भारत की पहचान लुप्त हो गई है'। विस्तार से समझाइये। (2019)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/19th-nam-summit-and-india-uganda-relations